# पाठ- 3 मुल्ला  का लगान
## पाठ विश्लेषण ,शब्दार्थ




CLASS: V
SESSION NO : 5
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER: 3
TOPIC: मुल्ला  का लगान
SUB TOPIC: पाठ विश्लेषण ,शब्दार्थ

CHANGING YOUR TOMORROW

# शिक्षण उद्देश्य

पाठ के उद्देश्य से परिचित  कराकर बुद्धि तथा सूझ -बूझ का प्रयोग करने की प्रेरणा देना ।

# चिंतन-मनन

## बुद्धिमानी से शक्तिशाली और बड़े से बड़े व्यक्ति को भी हराया जा सकता है। ठग और धूर्त कभी मत बनो ।

एक बार बादशाह ने मंत्री जी से राज्य का हिसाब किताब माँगा । मंत्री जी ने तुरंत मौलाना साहब को बुलवा भेजा। हिसाब देखकर बादशाह कुछ नाराज़ हुए, क्योंकि आज तक मौलाना साहब ने कभी भी मुल्ला नसीरुद्दीन की फ़सल का लगान वसूल नहीं किया था। पूछने पर मौलाना ने जवाब दिया कि जब भी मुल्ला से लगान माँगा जाता है, उसके पास देने के लिए मोहरें नहीं होतीं। बादशाह ने हुक्म दिया–“जाओ, जो भी फ़सल तैयार हो, उसका आधा भाग ले आओ।"

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

जब मुल्ला तक यह खबर पहुँची तो उसने सोचा कि मेहनत मैं करूँ और फ़सल का आधा भाग मौलाना ले ले- यह कहाँ का न्याय है?
थोड़े ही दिनों में मुल्ला की फ़सल तैयार हो गई, तो मौलाना मुल्ला के पास पहुँचे।
मुल्ला ने मौलाना से कहा- "बताओ, तुम फ़सल का कौन-सा आधा भाग लेना चाहते हो? ज़मीन के ऊपर का भाग या ज़मीन के नीचे का भाग?"
मौलाना ज़रूरत से ज़्यादा समझदार था, इसलिए तुरंत बोला-
“ज़मीन के ऊपर का भाग।'
“तो ठीक है। बादशाह से लिखित आदेश ले आओ।"

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

मौलाना ने बादशाह से लिखित आदेश लिखवा लिया, जिसमें साफ़-साफ़ शब्दों में लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के ऊपर का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

उस साल मुल्ला ने खेत में प्याज़ बोई थी । प्याज़ ज़मीन के अंदर होती है, इसलिए मौलाना को कुछ भी नहीं मिला।

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

अगले साल मौलाना ने फिर से बादशाह के कान भरे और लिखित आदेश ले लिया, जिसमें यह लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के नीचे का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

इस बार मुल्ला ने खेत में गेहूँ बोए थे। गेहूँ तो ज़मीन के ऊपर होते हैं, इसलिए इस बार भी मौलाना हाथ मलकर रह गया।

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| बादशाह | महाराज |
| धूर्त | कपटी |
| ठग | ठगनेवाला |
| नाराज़ | नाखुश, गुस्सा |
| लगान | भूमिकर , टैक्स |
| हुक्म | आदेश |

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| मुल्ला | मुस्लिम धर्म शास्त्र का आचार्य |
| वसूल | प्राप्त करना |
| मौलाना | बड़ा विद्वान |
| ज़मीन | मिट्टी |
| लिखित | लिखा हुआ |

ODM PUBLIC SCHOOL

# गृहकार्य

- कक्षा कार्य कॉपी में शब्दार्थ २ बार लिखिए

# शिक्षण प्रतिफल

**पाठ के मूलभाव से परिचित होना तथा नए शब्दों के अर्थ जानना ।**

**THANKING YOU**

**ODM EDUCATIONAL GROUP**

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE